# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 30 मार्च, 2022

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

Total Short Notice Question- 13

----

### सडक का निर्माण

*85 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिले के कोचस प्रखंड में सासाराम-चौसा से लेकर +2 उच्च विद्यालय कोचस, रोहतास तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ का निर्माण नहीं होने क कारण विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं समेत शिक्षकगण एवं आम लोगों को काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

### बकाया भुगतान

*146 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि धान अधिप्राप्ति मद में पैक्स एवं व्यापार मंडल को दिये जाने वाली परिवहन मद की 10 प्रतिशत राशि वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 तीनों वर्ष का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बकाया भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संचालकों का समायोजन

*147 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य जल पर्षद में हस्तांतरित किये गए अट्ठाईस (28) पंप संचालकों को पटना नगर निगम की जलापूर्ति शाखा में समायोजित करने हेतु निगम की सशक्त स्थायी समिति की दिनांक- 18.10.2017 की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में उनसे जन्मतिथि एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र की मांग की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि सारे प्रमाणपत्रों को उपलब्ध कराने के बावजूद पंप संचालकों को अभी तक समायोजित नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंप संचालकों का समायोजन शीघ्र ही कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*148 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं.- 19 में सुल्तानपुर चौकी से पूरब जानेवाली पुरानी सड़क पर ही रोड, कचरा, कूड़ा वगैरह डालकर सड़क की नई ढलाई की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के निर्माण से संबंधित संवेदक और दानापुर नगर प्रशासन की मिलीभगत से उक्त सड़क का निर्माण निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता के अनुरूप नहीं किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि जन संघर्ष मोर्चा, बिहार, पटना के मुख्य संरक्षक श्री राम

भजन सिंह यादव द्वारा पूरी वस्तुस्थिति के संबंध में लिखित शिकायत कार्यपालक पदाधिकारी, दानापुर नगर परिषद् को दिये जाने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दानापुर नगर परिषद् के वार्ड नं.- 19 में उक्त कार्यों की जांच कराकर इसमें संलिप्त संवेदक एवं कार्यपालक पदाधिकारी, दानापुर के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नियुक्ति कबतक

*149 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांकीपुर अंचल, पटना नगर निगम, पटना के वार्ड नं.- 38 में अमर राम, सफाई पर्यवेक्षक के निधन के बाद उनके पुत्र अभिमन्यु राम की अनुकम्पा की संचिका विगत दस वर्षों से लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर आयुक्त, नगर निगम, पटना के पत्रांक- 06213, दिनांक- 27.04.2021 द्वारा पटना नगर निगम में सेवाकाल में मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन की मांग की गई;

(ग) क्या यह सही है कि विभागीय पत्रांक- 2950, दिनांक- 27.07.2021 द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, पटना को सेवाकाल में मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हुए विलम्ब के कारण दोषियों को चिन्हित करते हुए दो सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी;

(घ) क्या यह सही है कि नगर आयुक्त, नगर निगम, पटना द्वारा जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अनुकम्पा समिति के समक्ष अनुकम्पा पर नियुक्ति की बैठक नहीं होने से अनुकम्पा के लाभार्थी, लाभ से वंचित हैं;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में अभिमन्यु राम सहित अन्य अनुकम्पा आश्रितों को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## यूनिवर्सिटी का निर्माण

*150 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, किशनगंज में बनाने हेतु सरकार ने बहुत पहले निर्णय लिया था;

(ख) क्या यह सही है कि जमीन का एन.ओ.सी. नहीं मिलने के कारण यूनिवर्सिटी निर्माण का कार्य रुका हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यूनिवर्सिटी का शीघ्र निर्माण करने हेतु कबतक एन.ओ.सी. देना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## मुजफ्फरपुर से शिवहर

*151 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला का पुराना सर्वे का खतियान अभी मुजफ्फरपुर में ही है, शिवहर में नहीं आया है जिसके कारण लोगों को मुजफ्फरपुर जाना पड़ता है, इसके कारण काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुराना खतियान अभिलेख मुजफ्फरपुर से शिवहर लाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दाखिल-खारिज कबतक

*152 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था थाना के पोन्दिल गांव स्थित खाता संख्या- 186, प्लॉट नंबर- 623, किता घनहर एराजी 6 कट्ठा जमीन श्री विवेक राज, पिता- श्री अरुण कुमार सिन्हा के नाम थी;

(ख) क्या यह सही है कि खण्ड 'क' में वर्णित जमीन की रजिस्ट्री श्रीमती शिव कुमारी देवी, पति- श्री कृत यादव के नाम 14.09.2021 को की गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि 9 नवम्बर 2021 को उक्त जमीन के दाखिल-खारिज हेतु

ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया, लेकिन उनका दाखिल-खारिज अभी तक नहीं किया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रीमती शिव कुमारी देवी की जमीन का दाखिल-खारिज कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*153 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **सहकारिता** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकार बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण मंडी –सह- संग्रहण केंद्र (मिनी कोल्ड स्टोरेज सहित) का निर्माण राज्य के सभी प्रखण्डों में कराना चाहती है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण मंडी –सह- संग्रहण केंद्र (मिनी कोल्ड स्टोरेज सहित) का निर्माण मात्र 17 प्रखंडों में ही कराया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के अन्तर्गत राज्य के सभी प्रखण्डों में ग्रामीण मंडी –सह- संग्रहण केंद्र निर्माण का आदेश देते हुए विलम्ब के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का अतिक्रमण

*154 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं. 17 के गंगजला पंचवटी चौक से उत्तर दो सौ परिवार की आवासीय कॉलनी है, जहां कृष्ण कुटीर के समीप डी.ए.वी. स्कूल भी है;

(ख) क्या यह सही है कि चौक से उक्त कॉलनी तक जाने वाली सड़क का अतिक्रमण होने से कॉलनी तथा स्कूल में आने-जाने में बच्चों तथा आम लोगों को काफी दिक्कत होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवासीय कॉलनी हेतु निर्धारित मापदंड के अनुसार उक्त सड़क का अतिक्रमण हटाकर उसका चौड़ीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नाला का निर्माण

*155 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड नं.- 03 स्थित मिल्लत कॉलोनी, फेज- 03 (अपना घराना) एवं एफ.सी.आई. गोडाउन रोड में नाला निर्माण नहीं होने एवं कुछ क्षेत्र में बने नाले का जुड़ाव मुख्य नाला से नहीं होने के कारण नाली एवं बारिश का पानी निकल नहीं पाता है;

(ख) क्या यह सही है कि नाली का पानी नहीं निकल पाने एवं बारिश का पानी जमा रहने के कारण आवागमन में बाधा होने के साथ-साथ संक्रामक बीमारी फैलने का डर बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त क्षेत्र में नया नाला निर्माण करने एवं निर्मित नालों का जुड़ाव मुख्य नाले से करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## धान का उचित मूल्य निर्धारण

*156 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **सहकारिता** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड अन्तर्गत पंचायत राज मतेया खास के किसानों का धान पैक्स में नहीं लिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार सरकार ने अपनी घोषणा में यह बात कही थी कि सभी किसानों का धान पैक्स में लेने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि किसानों के धान की खरीद बिचौलियों के माध्यम से कम दाम पर की जाती है;

(घ) क्या यह सही है कि पैक्स अध्यक्षों एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी,

कुचायकोट की मिलीभगत से किसानों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों का सही मूल्य पर धान का दाम देने का प्रावधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक का निर्माण

*157 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दानापुर नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड सं.- 3 में दाउदपुर मस्जिद से पुण्यकाल राय के मकान तक जाने वाली सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में नाला का निर्माण करते हुए सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----